an>

Title: Demand for special state category to Bihar.

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : अध्यक्ष महोदया, बहुत-बहुत धन्यवाद आपने मुझे बोलने का मौका दिया। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाए यह सवाल हमेशा उठता रहा है। बिहार से मांग उठ रही है, बिहार की राज्य सरकार की तरफ से मांग उठ रही है, हमारी पार्टी के द्वारा मांग उठायी जा रही है और चारों तरफ से, जो आर्थिक रूप से पिछड़ा इलाका है, उसके समेकित विकास के लिए धनराशि जाए और विकास की धारा और बढ़े, इसीलिए हम मांग करते हैं कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाए। उलटे वहां दी जाने वाली केन्द्रीय राशि में कटौती की जा रही है, केन्द्र प्रायोजित परियोजनाओं में राशि नहीं दी जा रही है, राशि रोकी जा रही है और वहां की सरकार अपने बलबूते काम कर रही है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने 1 लाख 67 हजार करोड़ रुपये का पैकेज देने की बात कही थी, लेकिन उस पैकेज से क्या काम किए जाएंगे, इसका कोई लेखा-जोखा नहीं है। हमारे यहां विश्व प्रसिद्ध कमरिया मेला है जो 107 किलोमीटर है, जो बांका और सुल्तानगंज से होकर जाता है। यह अद्भुत मेला है, जिसके लिए 50 करोड़ कहा गया था। मंदार पर्यटक क्षेत्र जो बांका का इलाका है, उसको विकसित करने के लिए 50 करोड़ कहा गया था। साथ ही साथ भागलपुर, मुंगेर और जमुई के लिए भी पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए कहा गया था। इसीलिए मेरी केन्द्र से मांग है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाए और जिस पैकेज की घोषणा की गयी है, उस को जल्दी से जल्दी लागू किया जाए। धन्यवाद।